प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी आज जयपुर दौरे पर–मंत्रालय की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना से प्रदेश के संतुलित और समावेशी विकास को बढावा मिलेगा।
- राज्य में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के संबंध में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने समीक्षा बैठक की–आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप शिविरों का आयोजन।

......................

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी आज जयपुर में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा विभिन्न राज्यों के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री और आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि हाल ही में जयपुर में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्मेंट समिट में सबसे ज्यादा एमओयू ऊर्जा क्षेत्र के लिए किये गये हैं।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना–2024 से प्रदेश के संतुलित और समावेशी विकास तथा रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार उद्योग तथा सेवा क्षेत्र के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाने के संकल्प को पूरा किया जा सके। वे कल मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, व्यापार, कर सलाहकार संघों और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रतिनिधियों के सुझावों को बजट में शामिल करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, उद्योग राज्य मंत्री के के विश्नोई भी उपस्थित रहे।

......................

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री जनमन पर जिलाधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम और जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में ग्रामीण विकास आवास, सड़क, छात्रावास, पेयजल, आंगनबाड़ियों तथा बहुउद्देश्यीय केंद्रों के संचालन पर विचार विमर्श किया जायेगा। सम्मेलन का उद्देश्य सुधार की संभावना वाले जिलों की प्रगति को सुगम बनाना और मिशन के उद्देश्यों को जल्द पूरा कर अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाना है। इसमें 18 राज्यों के कुल 88 जिले शामिल होंगे।

......................

बच्चों को खेल–खेल में शिक्षा से जोडने के लिए कोटा के खैराबाद ब्लॉक के 86 स्कूलों में खिलौना बैंक बनाये गये है। कोटा में चल रही इसरो की प्रदर्शनी के समापन अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने खिलौना बैंक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक 1100 खिलौना बैंक बनाये जा चुके है। हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि इन खिलौना बैंकों का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता बढाना है।

......................

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उदयपुर में फतहसागर की पाल पर ड्रोन शो आयोजित किया जायेगा। ड्रोन शो के माध्यम से फतहसागर झील के किनारे सतरंगी आभा बिखेरी जायेगी। इसके साथ ही घुड़सवारी शो भी रखा जायेगा। जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। गौरतलब है कि 26 जनवरी को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह उदयपुर के गांधी ग्राउण्ड में आयोजित किया जायेगा। इसमें राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ध्वजारोहण करेंगे। इससे पहले 25 जनवरी को शाम 4 बजे सहेलियो की बाड़ी में एट होम तथा फतहसागर की पाल पर सांस्कृतिक संध्या प्रस्तावित है।

......................

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कल राज्य में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए कृत संकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को गेहूं की खरीद के लिए सभी तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद प्रक्रिया में शामिल सभी पांच एजेंसियां एफसीआई, राजफेड, तिलमसंघ, एफसीसीएफ और नेफेड को आपस में मिलजुलकर काम करने को कहा। श्री गोदारा ने अधिक उत्पादन की संभावना वाले क्षेत्रों में नए खरीद केंद्र खोले जाने और मंडियों में खरीद के लिए उचित स्थान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 10 मार्च से शुरू होगी, जो 30 जून तक चलेगी। गेहूं बेचने के लिए राज्य सरकार के पोर्टल पर 25 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है।

......................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप शिविर लगाये जा रहे है। जैसलमेर के फलसूंड और मोहनगढ कस्बे में आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के साथ–साथ अन्य रोगों की निशुल्क जांच भी की जायेगी। सवाईमाधोपुर में जिला अस्पताल में शिविर लगाया जायेगा। इस शिविर में परिवार कल्याण परामर्श केन्द्र की टेली कन्सलटेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। बाडमेर के सेडवा में शिविर लगाया गया है। सेडवा के उपखण्ड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने स्थानीय लोगों से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की है।

......................

पाली जिले की ग्राम पंचायतों में पौध शालाएं बनाई जायेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ये पौध शालाएं विकसित की जायेंगी।

......................

प्रदेश में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से तापमान में बढोतरी हुई हैं। इससे कडाके की ठण्ड से राहत मिली है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस विक्षोभ के असर से कल से कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना हैं। इसी के साथ सर्दी बढने के आसार है।

......................

इस बीच हनुमानगढ़ और बीकानेर में आज सर्द हवाओं से ठण्ड का असर बना हुआ है। सवाईमाधोपुर में खुले इलाकों में आज भी कोहरा छाया रहा।

......................

राज्य सरकार ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम–आरजीएचएस के तहत ओपीडी सेवाओं में सुधार के लिए नई छूट और निर्देश जारी कर दिए हैं। इनके अनुसार अब 75 वर्ष से अधिक आयु वाले और अस्पताल जाने में अक्षम कम आयु वाले मरीजों को भी दवाइयां लिखवाने अस्पताल नहीं जाना होगा। अब वे परिजनों के जरिये ओपीडी की सुविधा ले पाएंगे। इसके लिए परिजनों को संबंधित अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से सत्यापित प्रमाण पत्र लेना होगा। यह सुविधा उन निजी अस्पतालों पर भी लागू होगी, जो आरजीएचएस में अधिकृत हैं।

......................

राज्य की मौजूदा सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में पशुपालन विभाग की ओर से प्रदेश भर में उष्ट्र रोग निदान और उपचार शिविर लगाये गये। पशुपालन निदेशक डॉ आनंद सेजरा ने बताया कि 34 जिलों में एक दिन में 129 शिविर लगाए गए जिनमें 35 हजार से ज्यादा पशुओं के विभिन्न रोगों का ईलाज किया गया। उन्होंने बताया कि इसके तहत जैसलमेर में 12, बाड़मेर में 11 तथा जोधपुर और बीकानेर में 10—10 शिविर आयोजित किए गए। डॉ. सेजरा ने कहा कि ऊंटों के अलावा अन्य पशुओं का भी इलाज किया गया।

......................